## नर्मदा नदी में डूबे दो युवक

### नहाते समय हुआ हादसा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सोमवार को नर्मदा नदी में दो युवकों की डूबने से मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान मालेगांव निवासी 19 वर्षीय दीपक घाघरे और 20 वर्षीय आदित्य उईके के रूप में हुई है।

दोनों युवक दादाजी धूनीवाले दरबार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वापसी के दौरान वे नर्मदा नदी में नहाने उतरे। गहरे पानी में जाने से दोनों डूब गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोपहर में दोनों के शव नदी से निकाले गए।




## परशुराम जयंती पर नगर में निकाली विशाल रैली, की पूजा अर्चना

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव के स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में सर्व ब्राह्मण सभा एवं सर्व ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ समिति के द्वारा आज भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव महोत्सव पूजन अर्चन कर मनाई गई। जयंती सुबह 11:00 से भगवान परशुराम का विशेष पूजन अर्चन किया गया पंडितो ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन संपन्न कराया गया। इस दौरान उपस्थित बंधुओ ने भगवान परशुराम पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया दौरान समाज संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

प्राकट्योत्सव महोत्सव कार्यक्रम में ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज परमहंसी गंगा आश्रम पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल विधायक महेंद्र नागेश भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक विधायक महेंद्र नागेश सांसद प्रतिनिधि संतोष दुबे मैथिलीशरण तिवारी सर्व ब्राह्मण सभा जिला अध्यक्ष नारायण दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अभिलास मिश्रा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रभा दुबे अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण सभा गोटेगांव बसंत उपाध्याय आयोजन समिति के अध्यक्ष नंदराम पाठक सरपंच अध्यक्ष भवन निर्माण समिति श्रीमती प्रियंका राहुल खेमरिया श्रीमती श्रेया उपाध्याय जि प्र सर्व ब्राह्मण सभा सहित बड़ी संख्या ब्राह्मण उपस्थित रहे।




### युवा पीढ़ी ले भगवान परशुराम से प्रेरणा

कार्यक्रम के दौरान परशुराम भवन के लिए मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उनके छोटे भाई जालम सिंह पटेल ने 50 लाख रुपए की राशि भवन निर्माण के लिए घोषणा की। गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने पंडित गणेश चौबे संस्कृत विद्यालय भवन सुधार हेतु 10 लाख रुपए राशि देने की घोषणा की एवं भगवान परशुराम मंदिर निर्माण हेतु 1 लाख रुपए देने की घोषणा की।

मंडला सांसद फग्गन सिंह के द्वारा उनके प्रतिनिधि संतोष दुबे द्वारा 10 लाख रुपए राशि की घोषणा की। प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में राष्ट्रीय खिलाड़ी निशाने बाजी में अंश दुबे कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी शुभ मिश्रा एवं अन्य लोगों सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### बीईओ एवं बीआरसी ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस साईंखेड़ा बीईओ प्रतुल इंदुरख्या एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने क्षेत्र के ग्राम चिरहकला, बिछुआ, खकरिया, थरेरी एवं कीरखेड़ा की शालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान कक्षा पहली, छटवी एवं नवमी में नामांकन की जानकारी ली एवं बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की उपस्तिथि बढ़ाने के साथ साथ बेहतर नवाचार के माध्यम से शिक्षा देने की अपील की। इस अवसर पर बिछुआ में प्राचार्य सतीश नाईक सहित स्कूलों के शिक्षक उपस्थित रहे।

### विद्यालय में स्थापित हुई मां सरस्वती देवी की प्रतिमा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूखाखैरी में शिक्षकों के सहयोग से मां सरस्वती देवी की स्थापना की गई। विदित हो कि विद्यालय स्टॉफ के सहयोग से उक्त कार्य संभव हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल, श्रीमति शालिनी जगेत, डॉक्टर संदीप मेहरा, सोनू कुमरे, नितेंद्र प्रताप सिंह राजगोंड, प्रतिपाल सिंह राजपूत, श्रीमति रजनी जगैत, दिलीप सिंह, श्रीमति रेनू राठौर, रामजी ठाकुर, रामकिशोर चौधरी एवम सभी अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

### पेंशनरों ने किया पहलगाम पर्यटकों की आत्मा शांति हेतु सुंदरकांड पाठ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पेंशनरों द्वारा बजरंग बाटिका में पूजन कर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ पहलगाम हमले में मृत पर्यटकों की आत्मा की शांति हेतु किया गया द्य पाठ का आयोजन आशा सोनी के सहयोग से किया गया द्य मंदिर के सदस्यों द्वारा पाठ के आयोजन में पूर्ण सहयोग किया गया द्य पाठ के आयोजन में पी एस तिवारी मनोहर लाल आरसे जमना प्रसाद सोनी, जगदीश दुब, महेश नेमा, रमेश शर्मा, पीताम्बर प्रसाद शर्मा, सीबी शर्मा, एलएन दीक्षित, एमएस रघुवंशी, आरएस द्विवेदी, आशा शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, अरविन्द दुबे आदि पेंशनर उपस्थित रहे है।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री पटेल का दौरा कार्यक्रम जारी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल बुधवार 30 अप्रैल को जिले के प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री पटेल बुधवार 30 अप्रैल को सागर से प्रस्थान कर दोपहर एक बजे जिले के करेली आयेंगे। वे यहां श्री दीना ओसवाल जी के वृत पारायण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 1.30 बजे से करेली से प्रस्थान कर दोपहर 2.15 बजे शिव मंदिर प्रांगण सालीचौका आयेंगे। वे यहां लोधी क्षत्रिय समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद कंछेदीलाल अग्रवाल के निवास पर भेंट करेंगे। मंत्री श्री पटेल अपरान्ह 3.30 बजे सालीचौका से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बालाराम शास्त्री का निधन, अंतिम संस्कार आज



**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस संस्कृत के आचार्य, डमरूघाटी शिवधाम मंदिर के प्रमुख आचार्य, सर्वब्राह्मण महासभा के संरक्षक बालाराम शास्त्री का इलाज के दौरान जबलपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज सुबह 8:30 बजे स्थानीय शमशान घाट में किया जाएगा।

## सीएमराइज विद्यालय में तेजस्वी मेला आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गत दिवस तेजस्वी कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग एंव उद्यम लर्निंग फाउन्डेशन के सहयोग से सी.एम. राइज विद्यालय एस.डी.एम.शा. क.उ.मा.वि. नरसिंहपुर मध्यप्रदेश में कक्षा 11वीं की 20 टीमों ने अपने बिजनेश आईडिया की प्रदर्शनी लगाई यह कार्यकम विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की मानसिकता, 21वीं सदी के कौशल को विकसित करने एव स्वावलंबी भारत की आधारशिला को मजबूत करने के उद्देश्य से लगाई गई थी।

छात्राओं ने छोटे-छोटे आइडिया को एक स्वरोजगार परक प्रोडक्ट के रूप में कैसे बदला जा सकता है यह सिद्ध किया जिसमें छात्राओं का आत्मविश्वास, अवसरों की पहचाना, उनका हल ढूढना और अपने विचारों के माध्यम से क्षमता को विकसित करने का प्रयास किया, जिसमें गुलदस्ते निर्माण, बेकरी, डान्स ऐकेडमी, इवेन्ट मैनेजमेंट, ब्यूटी पार्लर, लाइब्रेरी, फोटोग्राफी, रेडीमेड गारमेंट, मैनुफैक्चरिंग, बी निर्माण, आई.टी. हब वालों की बृद्धि के लिए आयुर्वेदिक तेल, मोबाइल की दुकान, मिट्टी के खिलौने, अल्कलाईन वाटर, तोरण फास्ट फूड सॉफटवेयर स्टार्टअप, मेंहदी डिजाइन, जनरल स्टोर्स आदि प्रदर्शनी लगाई गई तथा छात्राओं को सीडमनी भी प्रदान करने की संस्था प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा के साथ जिला समन्वयक तेजस्वी कार्यक्रम अभिनय गर्ग प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और सीडमनी प्रदाय किए जाने की अनुशंसा की।



विद्यालय तेजस्वी प्रभारी दुर्गा प्रसाद धुर्वे, श्रीमती विनीता सराठे, श्रीमती मोनिका मेहरा, छात्राओं को सतत् मार्गदर्शन, निर्देशन एंव सहयोग प्रदान किया। छात्राओ के पालको ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बालों का तेल बनाने वाली छात्रा को विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया गया।

संस्था के शिक्षकों में सुशील कुमार दीक्षित, उदयराज पांडे, प्रभात सिंह राजपूत, अभिनव लखेरा, गनेश लोधी, बृजेश जाट, आशीष पटेल, लक्ष्मण प्रसाद डेहरिया, विनोद बमनेले, श्रीमती राजनीता कौरव, श्रीमती नीलम राय, श्रीमती मीनाक्षी नेमा, श्रीमती सरिता राहंगडाले, अजय कुमार नेमा आदि ने तेजस्वी प्रदर्शनी का अवलोकन किया उनके अभिनव प्रयास की प्रशंसा की साथ ही कुछ महत्तवपूर्ण सामग्री का कय किया एंव भविष्य में उद्यमशीलता के लिए प्रोत्साहित किया।

## आज मनाई जाएगी परशुराम जयंती

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** श्री परशुराम जी की जयंती को लेकर सभी में उत्साह और उमंग है। पूरे जिले में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी क्रम में आज 30 अप्रैल को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज एवं सर्व हिंदू समाज द्वारा प्रात: 9 बजे पूजन महा आरती एवं प्रसादी का कार्यक्रम बरिया वाले हनुमान मंदिर पी डब्ल्यू डी ऑफिस के पास नरसिंहपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि भगवान परशुरामजी तो सभी हिन्दू समाज के भगवान हैं सभी समाज उनका सम्मान करती है,सभी समाज हमेशा से ब्राह्मणों का भी हमेशा से सम्मान करते आई है एवं शिक्षा, मार्गदर्शन भी सभी समाज का करते आई है इस वज़ह से हम सभी को मान सम्मान भी प्राप्त हुआ है आवश्यकता है कि सभी समाज के लोग मिलजुल कर परशुराम जी के जन्म उत्सव को मनाए। किसी भावना को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद नरसिंहपुर (मप्र), परशुराम कल्याण बोर्ड, जिला नरसिंहपुर ने सभी से उपस्थित की अपील की है।

## कठोतिया में बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस विकासखंड चीचली अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौतिया में तेजस्वी मेले का आयोजन किया गया।

उक्त मेले में छात्र-छात्राओं द्वारा अपने बिजनेस आइडिया से संबंधित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें कक्षा 11 एवं 12 में गठित 8 दलों के कुल 46 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश एवं उद्यम लर्निंग फाऊंडेशन के निर्देशों के तहत आयोजित किया जा रहा है।

तेजस्वी कार्यक्रम स्कूली छात्र-छात्राओं में उद्यमशीलता की मानसिकता एवं 21वीं सदी के कौशलों को विकसित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। संस्था के इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों के साथ-साथ ग्राम के गणमान्य नागरिक सर्वश्री पदम सिंह पटेल, शारद सिंह पटेल, जगदीश राजपूत एवं श्याम लाल पटेल आदि उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्र-छात्राओं के उत्पादों का अवलोकन कर उनके बिजनेस आईडियाज के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की एवं उनका उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि गणों ने शिक्षा के साथ-साथ व्यवसाय को जोड़ने कि इस गतिविधि को छात्र-छात्राओं के हित में बताया। प्राचार्य महेंद्र चक्रवर्ती एवं तेजस्वी प्रभारी राजकुमार गौरव ने तेजस्वी कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं उसके लाभ से छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार कौरव माध्यमिक शिक्षक एवं आभार प्रदर्शन प्रसन्न खत्री व्याख्याता द्वारा किया गया।

## आगामी नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आगामी नेशनल लोक अदालत 10 मई में अधिक से अधिक मोटर दावा क्लेम प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य राजीनामा संभव हो सके इस उद्देश्य से 29 अप्रैल को जिला न्यायालय के सभाकक्ष मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश शुक्ला की अध्यक्षता मे न्यायाधीशगणों, बीमा कंपनियों एवं पक्षकारों के अधिवक्ताओ एवं जिला प्राधिकरण के अधिकारियों की उपस्थिति मे बैठक संपन्न हुई।



बैठक मे प्रधान न्यायाधीश द्वारा प्रत्येक बीमा कंपनी एवं पक्षकारों के अधिवक्ताओ से वन टू वन चर्चा कर राजीनामा योग्य क्लेम प्रकरणो को चिन्हित करने व पक्षकारो से उक्त विषय पर चर्चा कर आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणो का राजीनामा के माध्यम से निराकरण करने पर जोर दिया गया।

बैठक मे उपस्थित न्यायाधीशगणो से अधिक से अधिक प्री-सिटिंग बैठको का आयोजन कर आगामी नेशनल लोक अदालत मे अधिक से अधिक क्लेम प्रकरणो के निराकरण का आवाहन किया।

बैठक में जिला न्यायाधीश, कीर्ति कश्यप, वैभव सक्सेना, राममनोहर दांगी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश मीणा, जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश सक्सेना, वरिष्ठ अधिवक्ता एचके टुटेजा, अरविंद सोनी, राहुल सिंह, उमेश नेमा, मनोज साहू, अजय सिंह राठौर, धर्मेन्द्र केवट एवं बीमा कंपनी व पक्षकारो के अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## चार्टर डे पर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** लीनेस क्लब संस्कार विगत 30 वर्षों से नगर में सामाजिक कार्यों में सेवारत है क्लब सदस्यों ने अपना चार्टर डे पर्यावरण संकल्प लेकर मनाया। इसके अंतर्गत ,पेड़ पौधे लगाना ,आसपास साफ सफाई रखना जल का संरक्षण करना और कचरे को यहां वहां न फेंक कर डस्टबिन में रखने का संकल्प लिया। इसी श्रृंखला में क्लब सदस्यों द्वारा कई मंदिर प्रांगण में डस्टबिन रखना गए ताकि मंदिरों में भी स्वच्छता बनी रहे सभी सदस्यों ने दीपक प्रज्वलित कर स्वच्छता और संरक्षण का संकल्प लिया। इसके साथ ही विगत दिनों पहलगाम में मारे गए निर्दोष नागरिकों को कैंडल मार्च निकालकर एवं मौन रखकर श्रद्धांजलि दी इस हृदयविधायक घटना पर दुख व्यक्त किया एवं सरकार से आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में अध्यक्ष ज्योति तिवारी सचिव मनीष पुरोहित कोषाध्यक्ष ज्योति पचौरी के अलावा संध्या कोठारी, सुमन शर्मा ,बलजीत कौर ,कुसुम राजपूत ,सुषमा मिश्रा, मनीषा टंडन ,रमा दुबे ,शालू भाटिया अंजना दुबे आदि की उपस्थिति प्रमुख रही।



## बिजली व्यवस्था बिगड़ने से मूंग और गन्ना फसल प्रभावित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ग्राम सगौती फीडर से समनापुर, नयाखेड़ा चिनकी, बम्हौरी महगंवा, इमलिया, गरारू आदि ग्रामों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब होने के कारण किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। मंगलवार को इन क्षेत्र की किसानों ने बताया कि नरसिंहपुर जनपद पंचायत के अंतगर्त सगौनी फीडर से विधुत की आपूर्ति होने वाले ग्राम समतापुर, नयाखेड़ा, चिनी, बम्होरी, महगुना इमलिया आदि में विगत 15 दिनों से बिजली 24 घंटे में भाग 3-4 घंटे ही मिल रही है जिससे मूंग की फसल व गन्ने की फसले प्रभावित हो रही हैं।



## शाला प्रबंध समिति की बैठक आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रबंध समिति की बैठक शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य / सचिव जी.एस.पटैल द्वारा विगत वर्ष का पालन प्रतिवेदन एवं सत्र 2024-25 का आय-व्यय लेखा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



तत्पश्चात डॉ.अशोक उदेनिया के द्वारा 2025-26 हेतु 26 सूत्रीय ऐजेंडे को बिन्दुवार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में दलीप कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत , रानी चौधरी, अध्यक्ष नगर शिक्षा समिति न, डॉ. श्याम सिंह ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी , अनिल कुमार ब्यौहार, जिला शिक्षा अधिकारी, मोहम्मद सलीम खान, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, नीलम चौहान मुख्य नगर पालिका अधिकारी , एस.के चोलकर कार्यपालन यंत्री पी.डब्ल्यू डी, अभिषेक ठाकुर, संभागीय परियोजना यंत्री (पी.आई.यू) , प्रभात मिश्रा प्राचार्य सी.एम.राईज , संगीता श्रीवास्तव प्राचार्य प्रतिनिधि शास.म.ल.ब. कन्या उ.मा.वि. पंचम सिंह झारिया, पुरूष पालक, भारती पटवा, महिला पालक सम्मिलित हुए। साथ ही विद्यालय से मधु चौकसे, रामदीन ठाकुर प्रभारी शाला विकास समिति, राजकुमार लोधी, सह-प्रभारी शाला विकास समिति उपस्थित रहे। बैठक के अंत में आभार राजकुमार लोधी द्वारा व्यक्त किया गया।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

